# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

## :: कार्यालय आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–2/स्थानान्तरण–पदस्थापन/इतिहास/2019–20/दिनांक 29.09.2019 द्वारा श्री सुखदेव प्रसाद कुमावत, व्याख्याता–वाणिज्य, का स्थानान्तरण राजकीय जोधराज मोहनलाल बजाज उमावि सीकर से राजकीय जी.एस.बशीधर जालान उमावि चुरू किया गया था। उक्त स्थानान्तरण आदेश दिनांक 29.09.2019 के विरूद्ध श्री सुखदेव प्रसाद कुमावत, द्वारा माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 3989/2019 श्री सुखदेव प्रसाद कुमावत बनाम निदेशक माध्यमिक शिक्षा व अन्य दायर की गई।

अपील में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 05.12.2019 द्वारा अपीलार्थी के स्थानान्तरण आदेश दिनांक 29.09.2019 के क्रियान्वयन पर अपीलार्थी के पदस्थापन के संबंध मे अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगन आदेश प्रदान किया

अपीलार्थी के कथनानुसार उसने उक्त आदेश के क्रम में कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय जोधराज मोहनलाल बजाज उमावि सीकर को कार्यग्रहण करवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया परन्तु प्रधानाचार्य ने कार्यग्रहण की अनुमति न देते हुए प्रार्थी को कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा में उपस्थिति देने के निर्देश दिये।

श्री सुखदेव प्रसाद कुमावत ने इसके विरूद्ध माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील सं 1044/2022 सुखदेव प्रसाद कुमावत बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की। अपीलार्थी ने माननीय अधिकरण में कथन किया कि कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय जोधराज मोहनलाल बजाज उमावि सीकर को दिनांक 07.12.2019 से 08.01.2020 तक 34 दिवस का उपस्थिति प्रमाण पत्र जारी करते हुए वेतन दिये जाने के निर्देश दिये जावें।

Rajasthan Education Department

माननीय अधिकरण ने अपने निर्णय दिनांक 24.03.2022 में अपीलार्थी को समस्त तथ्यों एवं आधारों का उल्लेख करते हुए एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करने एवं प्रत्यर्थी विभाग द्वारा अपीलार्थी का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे विभागीय दिशा–निर्देशों के अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) प्रसारित करते हुए निस्तारित किये जाने सम्बन्धी निर्देश प्रदान किये गए।

याचीकार्थी के अभ्यावेदन को राज्य सरकार एवं विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनसे सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। कार्यालय मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा लक्ष्मणगढ सीकर के पत्र क्रमांक 189 दिनांक 23.01.2023 द्वारा प्रस्तुत तथ्यात्मक रिपोर्ट से स्पष्ट है कि राजकीय जोधराज मोहनलाल बजाज उमावि सीकर के कार्मिक श्री सुखदेव प्रसाद कुमावत व्याख्याता वाणिज्य का उपस्थिति पंजिका में दिनांक 07.12.2019 से 08.01.2020 तक उक्त कार्मिक का नाम दर्ज नही है एवं उपस्थिति दर्ज नही है। कार्मिक द्वारा इस अवधि का किसी भी प्रकार का अवकाश आवेदन पत्र प्रस्तुत नही किया गया।

Signature valid

Digitally signed by Kana Ram
Designation: Director
Date: 2023.07.27 2?:22:14 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4341314

प्रकरण में सामान्य वित्तिय एवं लेखा नियम भाग–1 के नियम 152 व 154 के अनुसार बिना उपस्थिति के वेतन का प्रावधान नही है। अतः अपीलार्थी सुखदेव प्रसाद कुमावत को आदेशित किया जाता है कि वह अपने 34 दिवस के अवकाश स्वीकृति बाबत आवेदन संबंधित आहरण वितरण अधिकारी को प्रस्तुत करें। संबंधित आहरण वितरण अधिकारी को आदेशित किया जाता है कि वह संबंधित कार्मिक द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर, नियमानुसार 34 दिवस का अवकाश स्वीकृत कर इसकी पालना सुनिश्चित करें। उक्तानुसार अपीलार्थी सुखदेव प्रसाद कुमावत, व्याख्याता वाणिज्य का अभ्यावेदन एतद द्वारा निस्तारित किया जाता है। सभी संबधित पक्षकार सूचित हो।

(काना राम)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/सी–2/सुखदेव प्रसाद/अपील स./1044/2022 दिनांक 27/07/2023

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदय, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. संबंधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
5. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
6. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक।
7. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
8. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
9. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
10. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
11. संबंधित प्रधानाचार्य।
12. संबंधित व्याख्याता को आदेश की पालनार्थ।
13. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.07.27 2?:22:14 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4341314